RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

नवाचार कह लें भले, असली शब्द जुगाड़।
महा जुगाड़ू लोग हम, झंडे रक्खे गाड़।
झंडे रक्खे गाड़, बड़े हम लोग जुगाड़ू।
देते फर्श बुहार, लिये बिन पोंछा-झाड़ू।
कह साहिल कविराय, गजब हैं अपने लक्खन।
पानी को भी बिलो, बना लेते हैं मक्खन।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 143 | TUESDAY DATE 16-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली सरकार का यमुना सफाई मिशन जनता की भागीदारी से ही सफल होगा : प्रवेश वर्मा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**

दिल्ली की भाजपा सरकार के सामने सबड़ी बड़ी चुनौती यमुना की सफाई है क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के चुनावी एजेंडे में यमुना की सफाई भी एक महत्वपूर्ण प्वाइंट था। हालांकि, दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में लगातार यमुना की सफाई को लेकर युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। मंत्री प्रवेश वर्मा का मानना है कि सरकार का मिशन तब तक सफल नहीं हो सकता है, जब तक दिल्ली की जनता जागरूक न हो जाए। उन्होंने कहा कि अगर जनता जागरूक होकर सड़कों पर कूड़ा फेंकना बंद करे और अन्य लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़े तो दिल्ली 90 फीसदी साफ हो जाएगी।



सोमवार को मंत्री प्रवेश वर्मा ने शास्त्री नगर में स्थित केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। मीडिया से बातचीत के दौरान यमुना सफाई को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि 14 जून को यमुना नदी की सफाई का अभियान नहीं चलाया गया था। यह केवल यमुना घाटों की सफाई का अभियान था। यमुना नदी की सफाई तो पहले दिन से ही लगातार चल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अभी भी लाखों घरों में सीवर कनेक्शन नहीं है। मैं दिल्लीवासियों से अपील करता हूं कि वे अपने घरों में सीवर कनेक्शन अवश्य लें। दिल्ली जल बोर्ड सीवर लाइन बिछाने का काम तेजी से कर रहा है। सीवर का पानी प्लांट में जाकर ट्रीट हो सके, इसके लिए हर घर का कनेक्शन जरूरी है।

आम आदमी पार्टी का जिक्र करते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आप पार्टी सिर्फ कीचड़ उछालना जानती है। मैं दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि रविवार को 16 हजार लोगों ने धूप में पसीना बहाकर यमुना घाटों को साफ किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों में जागरूकता आएगी और वे कूड़ा नहीं फैलाएंगे तो 90 प्रतिशत काम तो अपने आप हो जाएगा। केवल सरकार के प्रयासों से कुछ नहीं होगा। हमारा मिशन तभी सफल होगा जब जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

मंत्री ने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा, 'सीवर लाइन का कनेक्शन लें। तीन साल बाद यमुना किनारे आएंगे तो आपको जमीन-आसमान का अंतर दिखाई देगा।'

## संक्षिप्त खबरें

### एक्ट्रेस संचिता उगले ने सुसाइड किया

**मुंबई, यूटर्न/ 15 जून ।** टीवी एक्ट्रेस संचिता उगले ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। वे 22 साल की थीं। पुलिस ने बताया कि एक्ट्रेस का शव घर में सीलिंग फैन से लटका मिला। उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। एक पुलिस अफसर ने बताया, हमारी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना के समय वे घर में अकेली थीं। उनके पिता ने बेटी की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। संचिता अपने माता-पिता के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहती थीं। वे टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया में नजर आई थीं।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस का 'महा रोजगार मेला'

19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में जुटेंगी 150 से अधिक कंपनियां

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'महा रोजगार मेला' आयोजित करेगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस रोजगार मेले में 150 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां और संस्थान भाग लेंगे। मेले का आयोजन भारतीय युवा कांग्रेस और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी मिलकर कर रहे है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने बताया कि, पंजीकरण कोड को स्कैन करने पर भारतीय युवा कांग्रेस की वेबसाइट खुलेगी, जहां फॉर्म भरा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जा रहा है। साथ ही, यदि कोई युवा पहले पंजीकरण नहीं कर पाता है, तो वह 19 जून को सीधे तालकटोरा स्टेडियम पहुंचकर मौके पर अपना पंजीकरण करा सकता है। उन्होंने बताया कि 10वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर युवा अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार दे सकते हैं।



## दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने की तैयारी, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 22 जून से शुरू होगा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राजधानी में व्यापक वृक्षारोपण अभियान शुरू करने जा रही है। 'एक पेड़ मां के नाम- दिल्ली मेगा वृक्षारोपण अभियान 2026' के तहत पूरे दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को दिल्ली सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अभियान की रूपरेखा, जनभागीदारी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, वृक्षारोपण लक्ष्यों तथा विभिन्न विभागों और संस्थाओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सरकार का उद्देश्य इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है। सरकार के अनुसार अभियान का पहला चरण 22 जून से शुरू होगा। इस दौरान डिजिटल माध्यम से ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल और अभियान का आधिकारिक वीडियो लॉन्च किया जाएगा। 22 जून से 4 जुलाई तक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक तथा सामुदायिक संगठनों को अभियान से जोड़ा जाएगा।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज से शुरू होने जा रही उड़ानें, लखनऊ से आएगी पहली फ्लाइट




**नोएडा, यूटर्न/ 15 जून ।** उत्तर प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क को अब एक और उपलब्धि मिलने जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 15 जून से कमर्शियल फ्लाइट सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में इंडिगो एयरलाइंस पहली लॉन्च कैरियर के रूप में उद्घाटन उड़ानों का संचालन करेगी।

**लखनऊ से नोएडा आएगी पहली फ्लाइट:** कार्यक्रम के अनुसार, पहली उद्घाटन उड़ान संख्या 6ए-2278 सुबह 7:05 बजे लखनऊ से 8:05 बजे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेगी। इसके बाद यही विमान 8:35 बजे नोएडा से बेंगलुरु के लिए रवाना होगा और 11:05 बजे बेंगलुरु पहुंचेगा। वापसी में 6ए-2279 दोपहर 3:45 बजे बेंगलुरु से उड़ान भरकर 6:20 बजे नोएडा पहुंचेगी और फिर शाम को 6:55 बजे नोएडा से लखनऊ के लिए रवाना होकर रात 8:00 बजे राजधानी पहुंचेगी।

## अमेरिका-ईरान समझौते से पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद: मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम होगी। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के संबंध में अमेरिका और ईरान के बीच हुई समझ का स्वागत करता हूँ, जिसने विश्व भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान उत्पन्न किया है और अनेक देशों में जनहानि का कारण बना है।'

उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति से क्षेत्र में शांति स्थापित होगी और नौवहन तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत को आशा है कि इस समझ के कार्यान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता की पुनर्स्थापना में सहायता मिलेगी तथा नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। हम आशा करते हैं कि शेष मुद्दों पर विचार-विमर्श एक टिकाऊ अंतिम समझौते तक पहुँचेगा।' उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान ने पश्चिम एशिया में पिछले 107 दिनों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर सहमति व्यक्त की है।



### स्लोवाकिया में मोदी का हुआ भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्लोवाकिया की यात्रा पर पहुंचने पर कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे और बढ़ती साझेदारी और गहरी होगी। श्री मोदी ने स्लोवाकिया की राजधानी में उतरने के तुरंत बाद कहा कि यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ होने वाली बैठकों को लेकर भी उत्सुकता जताई। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ब्रातिस्लावा पहुंच गया हूं। यह यात्रा भारत-स्लोवाकिया संबंधों को गहरा करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर देती है। राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ फलदायी बैठकों की उम्मीद है।' वहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया, जिसमें स्लोवाकिया की सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार उन्हें ब्रेड और नमक भेंट किया गया।

## वृद्धजनों की सेवा ही भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र, सरकार देगी 1500 रुपये मासिक पेंशन: योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 15 जून ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम पाती (पत्र) लिखा है। पाती के माध्यम से सीएम योगी ने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान केवल संस्कार नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है। लेकिन आज घर सुने हो रहे हैं और वृद्धाश्रम बढ़ रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि वृद्धजनों और निराश्रित महिलाओं का सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए ही प्रदेश सरकार ने 1,500 रुपये प्रति माह पेंशन देने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा, 'आज घर सूने हो रहे हैं और वृद्धाश्रम बढ़ रहे हैं। यह तथ्य मन को व्यथित करता है। यह स्थिति क्यों आई?



आज विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर एक संवेदनशील नागरिक होने के नाते हमें इस पर विचार करना चाहिए। बाल-बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले उम्र के चौथे पड़ाव पर अकेले पड़ जाते हैं। आज की जीवनशैली में युवा घर से दूर काम करते हैं। इच्छा होने पर भी वृद्ध माता-पिता की सेवा के लिए घर में कोई नहीं होता।

## पश्चिम बंगाल में सरकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र लोगों को मिलेगा: सुवेंदु अधिकारी

» **कोलकाता, यूटर्न/ 15 जून ।**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल सही और पात्र लोगों तक पहुंचे। उन्होंने पूर्वी मिदनापुर जिले के नंदीग्राम में 'जनकल्याण शिविर' का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे जनकल्याण शिविरों में जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लें, ताकि योजनाओं की राशि किसी अपात्र व्यक्ति के खाते में न जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान 'लक्ष्मीर भंडार' योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुईं।

उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 1,100 स्थानों पर जनकल्याण शिविर लगाए गए हैं,



जहां 54 महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है।

सीएम सुवेंदु अधिकारी ने पूर्व की ममता सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पहले कई मामलों में योजनाओं का पैसा सही लोगों तक नहीं पहुंचा। मृत व्यक्तियों, गैर-भारतीय नागरिकों और पुरुषों को भी लक्ष्मीर भंडार योजना का पैसा मिला। यहां तक कि विधवा पेंशन भी कुछ पुरुषों को दी गई।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू द्वारा आमसभा की बैठक का आयोजन, बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 15 जून । ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला की आम सभा की बैठक सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी जीटी रोड पानीपत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुल्तान सिंह ने की। मंच का संचालन जिला सचिव अशोक दुग्गल ने किया।

आम सभा की बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य प्रधान बसाऊ राम ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेतृत्व में 15 मई से 29 मई लेकर राज्य व्यापी हड़ताल सफल आंदोलन पानीपत के ग्रामीण सफाई कर्मचारी और आंदोलन के समर्थन करने वाले किसान मजदुर कर्मचारी संगठनों के सहयोग के बगैर संभव नहीं था। आंदोलन में सहयोग देने वाले जनता के सभी संगठनों को हम धन्यवाद करते हैं। अभी संघर्ष खत्म नहीं हुआ है समझौते को लागू करवाने के लिए भी अभी संघर्ष जारी रखना है और सबसे जो बड़ी लड़ाई है की कर्मचारी का दर्जा मिलने तक हरियाणा की सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को अपनी लड़ाई जारी रखनी पड़ेगी। 17 मांगो पर जो सहमति बनी थी। उनको लागू करवाने के लिए लगातार नोटिफिकेशन जारी करवाने के लिए 2 जून को पंचायत विभाग डायरेक्टर से यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने पंचकूला चंडीगढ़ बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समझौते के अनुसार नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। समझौते के अनुसार 2023 में की गई हड़ताल के कटे हुए वेतन और वर्तमान में की गई हड़ताल का वेतन की मांग को सरकार ने मानते हुए 15 मई से 29 मई तक हुई राज्य वापी हड़ताल का वेतन हरियाणा के सभी कर्मचारियों को मिल चुका है।

सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने कहा कि हमें भविष्य में अपने संघर्ष को जारी रखने के लिए संगठन को मजबूत करना होगा। पानीपत के सभी ब्लॉकों के अंदर यूनियन की कमेटियों का गठन करना होगा। प्रत्येक सफाई कर्मचारी को यूनियन का सदस्य बनना होगा। जितना मजबूत संगठन होगा उतनी ही बड़ी जीत हमें मिल पाएगी।

पानीपत जिला कमेटी द्वारा आंदोलन में मिली सफलता के लिए यूनियन के राज्य नेतृत्व का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया।

आम सभा को यूनियन के जिला प्रधान सुल्तान सिंह, सचिव अशोक दुग्गल, कोषाध्यक्ष कुंवर पाल, उप प्रधान सरोज देवी आदि ने भी संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 15 जून । जिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया की जिन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर रोल मॉडल के रूप में समाज में सराहनीय कार्य किया हो या इसके अतिरिक्त समाज कल्याण के रूप में, खेल, विज्ञान व तकनीकी, बहादुरी, कला, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया हो, बच्चा भारत का नागरिक हो और भारत में रहता हो तथा बच्चे की आयु 18 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए तथा बच्चे द्वारा किया गया कार्य घटना या उपलब्धि आवेदन / नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए। ऐसे बच्चों को भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया जाता हैं। उन्होंने बताया की आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 रखी गई है। उन्होंने बताया की इच्छुक आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतू एचटीटीपीएसः// अवार्डडॉटजीओवीडॉटइन पर आवेदन कर सकते है।

## अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में तीन दिवसीय सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर संपन्न




» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 15 जून । अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत चिंतन शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों, मीडिया प्रतिनिधियों, किसान नेताओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर गहन चिंतन-मनन किया।

विभिन्न विषय विशेषज्ञों के विचार सुनने एवं व्यापक चर्चा के उपरांत अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। तीसरे दिन आयोजित विशेष सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट रविंद्र ढुल, शिक्षाविद प्रोफेसर राजेश मलिक, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डी.पी. वत्स, अमित सांगवान (एएजी) तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे और समकालीन सामाजिक चुनौतियों पर अपने सुझाव दिए। चिंतन शिविर में युवाओं के नैतिक उत्थान एवं नशामुक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। प्रस्ताव पारित किया गया कि विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक नैतिक मूल्यों एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा खापपंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं।

नशे की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया जाए, जिनमें खाप प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए ताकि सरकारी प्रयासों की प्रभावी निगरानी हो सके। हिंदू मैरिज एक्ट के अंतर्गत गांव, गोत्र एवं गुहांड के भीतर विवाह को वैध न माने जाने संबंधी विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधि विशेषज्ञों की राय के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि इस विषय को राज्य सरकारों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा सभी खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों के विधायकों से संपर्क कर विधानसभा में इस विषय को उठाने का प्रयास करेंगी। चिंतन शिविर में लिव-इन रिलेशनशिप तथा समलैंगिकता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।




## हरियाणा महिला विकास निगम की व्यक्तिगत ऋण स्कीम के लिए 74 केसों का रखा लक्ष्य : विश्राम कुमार मीणा

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 15 जून । उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा चलाई जा रही व्यक्तिगत ऋण स्कीम की वर्ष 2026-27 के लिए 74 केसों का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में जिन महिलाओं की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से अधिक न हो तथा उसके परिवार का कोई सदस्य आयकर दाता न हो। इनमें 24 अन्य श्रेणी व 50 अनुसूचित जाति के केस शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 1.50 लाख रुपये का आवेदन कर सकती है। इस पर निगम द्वारा 25 प्रतिशत में अधिकतम 10,000 रुपये अन्य श्रेणी व 25,000 रुपये अनुसूचित जाति को अनुदान राशि दी जाती है।

इसी तरह 10 प्रतिशत लाभार्थी को स्वयं वहन करना पड़ता है, शेष राशि की व्यवस्था राष्ट्रीयकृत / सहकारी बैकों से करवाई जाती है। विभिन्न क्रियाकलापों के लिए जैसे की सिलाई, कढ़ाई, करियाना, मनियारी,

> इस पर निगम द्वारा 25 प्रतिशत में अधिकतम 10,000 रुपये अन्य श्रेणी व 25,000 रुपये अनुसूचित जाति को अनुदान राशि दी जाती है। इसी तरह 10 प्रतिशत लाभार्थी को स्वयं वहन करना पड़ता है, शेष राशि की व्यवस्था राष्ट्रीयकृत / सहकारी बैकों से करवाई जाती है।

रेडीमेड गारमेंट्स, कपड़े की दुकान, स्टेशनरी, बुटीक व जनरल स्टोर इत्यादि ऋण शहरी/ ग्रामीण पात्रों के लिए उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक इस योजना की अधिक जानकारी के लिए निगम के जिला कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम, कोठी न0 465/5,मदानो वाली गली कुरुक्षेत्र फोन नंबर 01744-223658 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# दिल्ली पुलिस की पहल: अब हर शनिवार थानों में होगी जन सुनवाई, वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे मौजूद; एलजी का निर्देश

» दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।



राजधानी में कानून-व्यवस्था और जन शिकायतों के निवारण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिल्ली पुलिस ने नई व्यवस्था लागू की है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के निर्देशों के बाद जारी दिशानिर्देशों के तहत अब दिल्ली के सभी थानों में प्रत्येक शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'थाना दिवस-जन सुनवाई' का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और पुलिस व्यवस्था में जनता का विश्वास बढ़ाना है। जन सुनवाई में केवल थाना स्तर के कर्मचारी ही नहीं, बल्कि स्पेशल सीपी, जॉइंट सीपी, डीसीपी, एसीपी और एसएचओ स्तर के अधिकारी भी रोटेशन के आधार पर उपस्थित रहेंगे।

नए निर्देशों में कहा गया है कि जिले के डीसीपी, एसीपी और एसएचओ व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी शिकायतकर्ता की शिकायत की अनदेखी न हो। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की नियमित निगरानी भी की जाएगी। जिन मामलों में जांच या फील्ड कार्रवाई की आवश्यकता होगी, उन्हें तत्काल संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। लंबित मामलों की समीक्षा एसीपी और डीसीपी स्तर पर की जाएगी। प्रत्येक जिले को हर सोमवार को शिकायतों की स्थिति संबंधी रिपोर्ट विजिलेंस डिवीजन तथा रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजनी होगी। एलजी हाउस भी इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगा।

पुलिस थानों को अधिक नागरिक-अनुकूल बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। थाना दिवस के दौरान शिकायतकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, सहायता डेस्क और सहज वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए थानों के नोटिस बोर्ड, सोशल मीडिया, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की मदद ली जाएगी। दिल्ली पुलिस का मानना है कि वरिष्ठ अधिकारियों की सीधी भागीदारी से पुलिसिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी, जवाबदेही मजबूत होगी और शिकायतों को दबाने या भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश लगेगा।

### तकनीकी बाधाएं खत्म, बिना पंजीकरण भी होगी सुनवाई

दिल्ली पुलिस ने तकनीकी बाधाओं को भी दूर करने का फैसला किया है। अब जन सुनवाई में आने वाले लोगों की शिकायतें बिना पूर्व ऑनलाइन पंजीकरण के भी स्वीकार की जाएंगी। यदि कोई व्यक्ति सीधे थाने में शिकायत लेकर पहुंचता है, तो उसे दर्ज किया जाएगा और बाद में डिजिटल रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। इससे उन लोगों को राहत मिलेगी जो ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने में कठिनाई का सामना करते हैं।



## देश की प्रगति के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना होगा योग: सुभाष सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वॉकथान को हरी झंडी देकर किया रवाना, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, एसडीएम अमन कुमार ने योग साधकों के साथ किया योग, वॉकथान में लिया भाग

**परमिंदर सिंह/ कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 15 जून ।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश की प्रगति के लिए प्रत्येक नागरिक को योग को अपने जीवन में धारण करना होगा, जो व्यक्ति स्वस्थ होगा, वहीं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेगा। इस देश की युवा पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए सरकार की तरफ से योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा जैसे विषय पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सोमवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में जिला प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वाधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित वॉकथान में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, एसडीएम अमन कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदू कौशिक ने वॉकथान को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस वॉकथान में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित सभी मेहमानों ने भाग लिया और वीवीआईपी घाट पर आयोजित योग शिविर में भाग लिया।

# उषा प्रियदर्शी को हरियाणा महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 15 जून । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी को हरियाणा महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा पदाधिकारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों में खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

उषा प्रियदर्शी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती रही हैं। मूल रूप से गुरुग्राम निवासी उषा प्रियदर्शी ने संगठनात्मक क्षमता, मेहनत और समर्पण के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने प्रदेशभर में महिलाओं को संगठन से जोड़ने, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने तथा महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रभावी अभियान चलाए। उनके नेतृत्व में



महिला मोर्चा को नई ऊर्जा और मजबूती मिली तथा संगठन का विस्तार प्रदेश के अंतिम छोर तक हुआ।

नवनियुक्त अध्यक्ष हरियाणा महिला आयोग उषा प्रियदर्शी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

उषा प्रियदर्शी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। महिला आयोग के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक महिला को न्याय दिलाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने, उनकी समस्याओं को सुनने तथा उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोग सक्रिय भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और सरकार भी महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। महिला आयोग इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज, प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से महिलाओं के हितों की रक्षा तथा उनके अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जाएंगे। उषा प्रियदर्शी ने कहा कि वे अपने नए दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगी तथा प्रदेश की प्रत्येक महिला के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की है।




## करोड़ों की सरकारी धनराशि हड़पने में पवन पांडेय आदि के खिलाफ लखनऊ, मिजार्पुर के बाद अब बस्ती में भी मुकदमा

**सुनील बाजपेई/ कानपुर, यूटर्न/ 15 जून ।** शहरों और गांव के विकास के लिए मिलने वाले सरकारी धन को जालसाजी, धोखाधड़ी और कूट रचना के माध्यम से एक राय होकर हड़प करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे ही एक मामले में आरोपियों के खिलाफ भादंसं की धारा 409 ,419 ,420 ,467,468 ,471,504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाने के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना जांच शुरू कर दी है। डीआईजी के आदेश पर दर्ज हुई एफ आई आर में लगाए गए आरोपों के मुताबिक 1.25 करोड़ की यह सरकारी धनराशि पूर्व सांसद की अनुशंसा पर 10 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई थी ,जिसे विभिन्न व्यक्तियों के नामों से खातों से निकाल लिया गया। भारतीय को आपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड लालबाग लखनऊ के अध्यक्ष एवं निदेशक पद के लिए भी निर्वाचित रहे जीतेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा कोतवाली बस्ती में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 में पूर्व सासंद हरीश द्विवेदी की अनुशंसा पर वर्ष 2018 में नार्दन कोल्ड फील्ड सिंगरौली से निगमित सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत 10 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 1.25 करोड रुपए प्राप्त हुए थे ,जिसे भारतीय को-आपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड बस्ती की बैंक आफ इन्डिया शाखा बस्ती में एकाउन्ट खोलकर जमा किये गए थे।

# मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए बूथ स्तर पर सतर्कता जरूरी : बृजलाल बहबलपुरिया

## SIR अभियान को लेकर कांग्रेस पूरी तरह सक्रिय, नलवा विधानसभा के BLA-2 कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

### बूथ प्रबंधन को मजबूत कर संगठन को नई ऊर्जा दें : अनिल मान नलवा

» **हरियाणा, यूटर्न/ 15 जून ।**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राव नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में नलवा विधानसभा क्षेत्र के BLA-2 कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कांग्रेस भवन, हिसार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण), हिसार के जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया द्वारा की गई। बैठक में Special Intensive Revision (SIR) अभियान के अंतर्गत बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी BLA-2



कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य के प्रति पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत करते हुए मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी BLA-2 कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा मतदाता सूची से संबंधित प्रत्येक प्रक्रिया पर सतर्क निगरानी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर नलवा विधानसभा क्षेत्र के BLA-1 एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अनिल मान नलवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता का अधिकार है और यह सुनिश्चित करना प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता का दायित्व है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि SIR अभियान के तीसरे चरण के दौरान बूथ स्तर पर पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करना होगा।

बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि 15 जून 2026 से SIR अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ होने जा रहा है, जिसके अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का कार्य किया जाएगा। सभी मतदाताओं से अपील की गई कि वे अपने पासपोर्ट आकार के नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना तथा प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार को सुरक्षित रखना है। इसके लिए संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगा।

# निम्न गुणवत्ता की ईंटें लगाने पर ग्रामीणों ने रुकवाया सड़क निर्माण कार्य

- कनिष्ठ अभियंता पवन जांगड़ा ने बताया कि ठेकेदार को लगाई गई ईंटें हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की संतुष्टि और निर्धारित मानकों के अनुसार सामग्री लगाए जाने के बाद ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।

» **हरियाणा, यूटर्न/ 15 जून ।**

गांव तलवंडी राणा में निमार्णाधीन सड़क पर निम्न गुणवत्ता की ईंटें लगाए जाने पर ग्रामीणों ने रविवार को निर्माण कार्य रुकवा दिया। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग के कनिष्ठ अभियंता मौके पर पहुंचे और ठेकेदार को लगाई गई ईंटें हटाने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार गांव तलवंडी राणा में सेंट जेवियर्स स्कूल से राणा डिस्ट्रीब्यूटरी नहर तक लगभग 1000 मीटर लंबे मार्ग को पक्का किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले दिन अच्छी गुणवत्ता की ईंटें लगाई गई थीं, लेकिन बाद में कमजोर गुणवत्ता की ईंटें लगाई जाने लगीं।



इस पर सामाजिक कार्यकर्ता नरेश सेलपाड़, पूर्व पंच जगदीश रावत, पंच त्रिलोक, शार्दुल वर्मा, चिमन खटाना, कुलदीप कोहली सहित दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने इस संबंध में ग्राम पंचायत को भी अवगत कराया। कनिष्ठ अभियंता पवन जांगड़ा ने बताया कि ठेकेदार को लगाई गई ईंटें हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की संतुष्टि और निर्धारित मानकों के अनुसार सामग्री लगाए जाने के बाद ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि गुणवत्ता संबंधी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जिला उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को शिकायत करेंगे।

**अब 12 नहीं, 13 फुट चौड़ा बनेगा रास्ता:** राह ग्रुप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सेलपाड़ ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत के बाद सड़क की चौड़ाई 12 फुट के बजाय 13 फुट करने की मंजूरी मिली है।

उन्होंने कहा कि 12 फुट चौड़ाई होने पर दो वाहनों की क्रॉसिंग में परेशानी आती, इसलिए सड़क को एक फुट और चौड़ा किया गया है। इससे भविष्य में ग्रामीणों और वाहन चालकों को आवागमन में अधिक सुविधा मिलेगी।

# अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य व सौन्दर्यकरण का काम चल रहा है : बजरंग गर्ग



## महाराजा अग्रसेन के नाम पर से करोड़ों रुपए की लागत से ऑडिटोरियम व म्यूजियम के सौन्दर्यकरण का काम जारी है- बजरंग गर्ग

» **हरियाणा, यूटर्न/ 15 जून ।**

वैश्य समाज की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम में श्री अग्र भागवत कथा की तैयारी की समीक्षा की गई। बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा की अग्रोहा धाम में श्री महालक्ष्मी यज्ञ व अग्र भागवत कथा 17 जून से आरंभ होगी। जिसमें 16 जून को महायज्ञ होगा। कथा के उपरांत हर रोज प्रसाद का आयोजन होगा कथा वाचक श्री अरविंद दृष्टा जी होंगे। कथा के समापन में 20 जून को भंडारा का आयोजन होगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि देश में अग्रोहा धाम में एकमात्र माता लक्ष्मी जी का विशाल शक्तिपीठ बना हुआ है और महाराजा अग्रसेन का विशाल मंदिर व 18 अग्रवालों के गोत्र के साथ अग्रोहा धाम में बना हुआ है जबकि अग्रोहा धाम में सभी देवी-देवताओं के विशाल मंदिर, झांकियां बनी हुई है। अग्रोहा धाम में पहाड़ों पर स्थित बाबा हनुमान जी की 90 फीट ऊंची प्रतिमा लगी हुई है।

और माता दुर्गा जी का 400 मीटर लंबी गुफा में विशाल मंदिर बना हुआ है। अग्रोहा धाम के साथ देश व प्रदेश की जनता की आस्था जुडी हुई है। अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य व सौन्दर्यकरण का काम चल रहा है। महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर करोड़ों रुपए की लागत से ऑडिटोरियम व म्यूजियम के सौन्दर्यकरण का काम जारी है। अग्रोहा धाम में जो भी जरूरतमंद व्यक्ति अपने युवक-युवतियों की शादी करने आता है।

# कॉकरोच जनता पार्टी: व्यंग्य से दबाव समूह बनने तक का सफर



संदीप शर्मा

जो आंदोलन शुरूआत में एक अनोखे और कुछ हद तक व्यंग्यात्मक छात्र अभियान के रूप में देखा गया था, वह अब धीरे-धीरे एक ऐसे दबाव समूह का रूप लेता दिखाई दे रहा है जिसे मुख्यधारा की राजनीति नजरअंदाज नहीं कर सकती। दिल्ली और पुणे में प्रदर्शन करने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी का अमृतसर में आयोजित विरोध प्रदर्शन इस बात का संकेत है कि यह आंदोलन भौगोलिक रूप से फैल रहा है और देश के युवाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। इस आंदोलन का केंद्र बिंदु एक गंभीर चिंता है—देश की परीक्षा और भर्ती प्रणालियों में लगातार घटता भरोसा। आंदोलनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं और नीट तथा सीबीएसई परीक्षा विवादों में जवाबदेही तय करने की बात कर रहे हैं। मांगें भले नई न हों, लेकिन जिस तरीके से इन्हें उठाया जा रहा है, उसने उस पीढ़ी की भावनाओं को आवाज दी है जो संस्थागत विफलताओं से लगातार निराश होती जा रही है। ह्यकॉकरोच जनता पार्टीह्ल नाम सुनने में भले हास्यपूर्ण लगे, लेकिन इसके पीछे एक गहरा प्रतीकवाद छिपा है। जिस तरह कॉकरोच विपरीत परिस्थितियों में भी जीवित रहने की क्षमता रखता है, उसी तरह यह आंदोलन छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उस पीढ़ी के रूप में प्रस्तुत करता है जो पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में देरी, नियमों में बदलाव और सीमित रोजगार अवसरों जैसी समस्याओं के बावजूद संघर्ष करती रहती है। व्यंग्य के पीछे छिपा संदेश दरअसल गुस्से और हताशा का है। इस आंदोलन का उभार देश में उभर रही एक बड़ी प्रवृत्ति की ओर भी इशारा करता है। आज का युवा अधिक जुड़ा हुआ है, अधिक जागरूक है और पारंपरिक राजनीतिक ढांचों से बाहर निकलकर अपनी आवाज उठाने को तैयार है। स्थापित राजनीतिक दलों के छात्र संगठनों से अलग, यह आंदोलन खुद को मुद्दा-आधारित और स्वतंत्र बताता है। इसकी भाषा डिजिटल है, इसकी शैली मीम संस्कृति से प्रभावित है और इसका संचार पूरी तरह जेन-जी की सोच के अनुरूप है। यही कारण है कि इसकी चर्चा विश्वविद्यालय परिसरों से बाहर भी होने लगी है। राजनीतिक इतिहास बताता है कि कई प्रभावशाली दबाव समूहों की शुरूआत किसी एक मुद्दे से हुई थी। पर्यावरण आंदोलन, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान और किसान संगठन ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने बिना राजनीतिक दल बने भी नीतियों को प्रभावित किया। कॉकरोच जनता पार्टी भी भविष्य में ऐसा प्रभाव डाल पाएगी या नहीं, यह समय बताएगा, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इसने शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के मुद्दों पर राष्ट्रीय बहस को नई दिशा दी है। सत्ता प्रतिष्ठान के लिए यह मान लेना भूल होगी कि यह केवल सोशल मीडिया पर चलने वाला क्षणिक अभियान है। युवाओं का असंतोष अक्सर बड़े राजनीतिक बदलावों का शुरूआती संकेत होता है। पारदर्शिता, जवाबदेही, योग्यता आधारित व्यवस्था और रोजगार जैसे मुद्दे करोड़ों छात्रों और नौकरी के अभ्यर्थियों की साझा चिंताएं हैं। हर परीक्षा विवाद इस धारणा को और मजबूत करता है कि व्यवस्था उन युवाओं के साथ न्याय नहीं कर पा रही जो अपने जीवन के कई वर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगाते हैं। हालांकि आंदोलन के सामने अपनी चुनौतियां भी हैं। प्रतीकात्मक प्रदर्शनों से आगे बढ़कर इसे संगठनात्मक मजबूती, स्पष्ट लक्ष्य और दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता होगी। सोशल मीडिया के दौर में जनसमर्थन जितनी तेजी से मिलता है, उतनी ही तेजी से बिखर भी सकता है। फिर भी, कॉकरोच जनता पार्टी का महत्व इस बात में नहीं है कि वह भविष्य में राजनीतिक दल बनती है या नहीं। इसका महत्व इस तथ्य में है कि यह उस बढ़ती बेचैनी और असंतोष का प्रतीक बन चुकी है जिसे देश का युवा महसूस कर रहा है। जैसे-जैसे यह आंदोलन एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंच रहा है, इसका संदेश और स्पष्ट होता जा रहा है—भारत का युवा अब केवल दर्शक बने रहने को तैयार नहीं है। वह जवाब चाहता है, जवाबदेही चाहता है और निर्णय प्रक्रिया में अपनी हिस्सेदारी भी।

# मोदी की फ्रांस-स्लोवाकिया यात्रा से बढ़ी भारत की वैश्विक ताकत

**फ्रांस भारत का सबसे विश्वसनीय यूरोपीय रणनीतिक साझेदार माना जाता है। रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में दोनों देशों के हित समान हैं**

छो

सौरभ वार्ष्णेय

आज भारत के हौसले चहुंओर अपनी विजय पताका पहरा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा केवल एक नियमित विदेश दौरा नहीं है, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की बढ़ती कूटनीतिक, आर्थिक और सामरिक भूमिका का महत्वपूर्ण संकेत दे रहा है। 13 से 18 जून 2026 तक होने वाली इस यात्रा में फ्रांस के साथ रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने, स्लोवाकिया के साथ संबंधों का नया अध्याय खोलने तथा जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर निहित है। फ्रांस में आयोजित 52 वें जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की अविरल भागीदारी है। भारत लगातार कई वर्षों से जी-7 बैठकों में आमंत्रित किया जा रहा है।

फ्रांस भारत का सबसे विश्वसनीय यूरोपीय रणनीतिक साझेदार माना जाता है। रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में दोनों देशों के हित समान हैं। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के बीच होने वाली बैठक में रक्षा सहयोग, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्रों पर विशेष जोर रहने की संभावना है। दोनों राजनीतिज्ञ भारत इनोवेट्स 2026 कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन भी कर रहे हैं, जो भारत-फ्रांस तकनीकी साझेदारी को नई दिशा देने वाला मंच माना जा रहा है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब विश्व राजनीति बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। यूरोप रूस-यूक्रेन संघर्ष, ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में भारत एक स्थिर, विश्वसनीय और तेजी से उभरती हुई शक्ति के रूप में यूरोपीय देशों के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बन गया है। फ्रांस के साथ बढ़ती निकटता भारत की सामरिक स्वायत्तता को भी मजबूत करती है, क्योंकि दोनों देश स्वतंत्र विदेश



नीति और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थक हैं।

इस यात्रा का दूसरा महत्वपूर्ण पड़ाव स्लोवाकिया है। यह विशेष इसलिए भी है क्योंकि 1993 में स्लोवाकिया के स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी की स्लोवाकिया यात्रा मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत की सक्रिय कूटनीति का प्रतीक है। यहां प्रधानमंत्री की मुलाकात प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और राष्ट्रपति  से होगी। व्यापार, निवेश, रक्षा उत्पादन, ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है। स्लोवाकिया यूरोपीय संघ का सदस्य है और मध्य यूरोप के औद्योगिक केंद्रों में से एक माना जाता है। भारत के लिए यह केवल द्विपक्षीय संबंधों का विषय नहीं, बल्कि पूरे यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी है। ऐसे समय में जब भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, स्लोवाकिया जैसे देशों के साथ निकटता भारत के हितों को और मजबूत कर सकती है। यात्रा का तीसरा महत्वपूर्ण आयाम फ्रांस में आयोजित 52 वें जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी है। भारत लगातार कई वर्षों से जी-7 बैठकों में आमंत्रित किया जा रहा है, जो उसकी बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। इस मंच पर भारत जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को मजबूती से उठा सकता है। वास्तव में यह यात्रा तीन स्तरों पर महत्वपूर्ण है—द्विपक्षीय संबंध, यूरोप के साथ व्यापक साझेदारी और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका। फ्रांस के साथ तकनीकी एवं रक्षा सहयोग, स्लोवाकिया के साथ नए आर्थिक अवसर और जी-7 में भारत की सशक्त उपस्थिति मिलकर यह संदेश देती है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहा है। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा भारत की विकसित भारत और वैश्विक भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि इस यात्रा से घोषित सहयोग योजनाएँ ठोस परिणामों में बदलती हैं, तो यह न केवल भारत-यूरोप संबंधों को नई ऊँचाई देगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव को भी और मजबूत करेगी।

# सड़क हादसों में जा रहीं हैं हर घंटे बीस जिंदगी

मनोज कुमार अग्रवाल

भारत में सड़क हादसों के कारण हर साल औसतन 1.80 लाख लोगों की मौत होती है। सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एक साल में देशभर में 4.80 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हर घंटे औसतन 20 लोगों की जान चली जाती है।

भारत में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 1,77,175 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में औसतन हर दिन लगभग 485 लोग और हर घंटे 20 से अधिक लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं भारत में पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों का ग्राफ लगातार बढ़ा है देशभर में 4,87,707 सड़क हादसे दर्ज किए गए। इन हादसों में 1,77,175 लोगों ने जान गंवाई, जो 2023 (1,72,890 मौतें) के मुकाबले 2.5% अधिक है। साल 2024 में इन दुर्घटनाओं के कारण 4,71,441 लोग घायल हुए हैं विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में विशेष रूप से गरीब और विकासशील देशों के लोगों की संख्या में अविश्वसनीय वृद्धि हुई है और इनमें से भी प्रत्येक 5 में से 1 मौत भारत में होती है।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हर घंटे होने वाली लगभग 56 सड़क दुर्घटनाओं में 20 लोगों की जान जाती है। इसी कारण भारत को सड़क दुर्घटनाओं की राजधानी भी कहा जाने लगा है। स्थिति की गंभीरता पिछले मात्र दो तीन दिन की अखबारों में प्रकाशित हादसों की खबरों से अन्दाजा




लगाया जा सकता है :5 जून को वैष्णो देवी से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही एक पिक-अप गाड़ी और ट्रक की टक्कर में 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।6 जून को फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव जंगाला मोड़ के निकट एक पिकअप गाड़ी तथा घोड़ा ट्राले में टक्कर के परिणामस्वरूप 10 लोगों की मौत तथा अनेक घायल हो गए।

7 जून को रोपड़ (पंजाब) जिले में भारतगढ़ के निकट एक कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी जिससे 3 लोगों की मौत हो गई। 7 जून को ही शाहाबाद-पिपली जी.टी. रोड पर एक बेकाबू ट्राले ने एक मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया जिससे उस पर सवार मोहाली नगर निगम के 2 कर्मचारियों की मृत्यु हो गई। 8 जून को औरंगाबाद (बिहार) में 4 सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोगों की जान चली गई तथा अनेक घायल हो गए। 8 जून को ही फगवाड़ा में एक मोटरसाइकिल, 2 कारों और एक ट्रक की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार और उसकी 7 वर्षीय बेटी की घटनास्थल पर ही मौत तथा उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

9 जून को शंभू (राजपुरा, पंजाब) में एक ट्रक ड्राइवर ने 2 लोगों को रौंद डाला जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

9 जून को ही चहेड़ (फगवाड़ा, पंजाब) में एक्टिवा पर सवार 2 युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गई।

9 जून को ही लुधियाना (पंजाब) में एक कंटेनर के चालक ने तेज रफ्तार से उसे बैंक करने की कोशिश में एक मजदूर को रौंद दिया।

10 जून को देहरादून (उत्तराखंड) में झाड़पानी क्षेत्र में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार 4 लोगों की मौत हो गई। 10 जून को ही बेगोवाल (पंजाब) में सड़क दुर्घटना में एक कार बेकाबू हो कर पेड़ से टकरा गई जिससे एक दम्पति की मृत्यु हो गई। 10 जून को ही भीखी (पंजाब) में एक ट्राले की टक्कर ट से बाइक रेहड़े पर सवार 2 दोस्तों की जान चली गई। 11 जून को पुणे (महाराष्ट्र) में नवाले पुल से नीचे उतरते समय एक सीमेंट मिक्सर ट्रक बेकाबू होकर मोटरसाइकिल पर जा रहे एक डिलीवरी ब्वाय से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। 11 जून को ही गाँडा (उत्तर प्रदेश) में 2 मोटरसाइकिलों की टक्कर में घायलों की मदद करने पहुंचे लोगों को तेज रफ्तार एस.यू.वी. ने रौंद दिया जिससे 4 लोगों की मौत व 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।11 जून को ही फिरोजपुर (पंजाब) में मोटरसाइकिल पर जा रहे 3 युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। 11 जून को ही पोत्थरैड्डीपालम (आंध्र प्रदेश) में एक कार बेकाबू होकर एक मकान से जा टकराई जिससे कार में सवार 5 मैडिकल के छात्रों सहित 6 लोगों की जान चली गई।

## उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी ! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया ! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से ! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है ! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई।

सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया ? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी ! अंधेरे को एंसे मिटाया जाता है ? क्या अंधेरा एंसे मिटता है ? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

# भारत-फ्रांस साझेदारी से खुलेंगे नवाचार के नए द्वार : गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, फ्रांस के साथ उसकी साझेदारी सह-नवाचार (को-इनोवेशन) और तकनीकी प्रगति के नए अवसरों के द्वार खोल रही है। साथ ही यह ऐसी तकनीकों और समाधानों को बढ़ावा दे रही है, जो केवल दोनों देशों ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभदायक साबित होंगी। उन्होंने फ्रांस के नीस शहर में एक 'प्रोडक्टिव दिन' का समापन करते हुए नीस के मेयर एरिक सियोटी की मौजूदगी में सरकार, उद्योग, नवाचार और निवेश जगत के प्रमुख नेताओं के साथ एक रात्रिभोज का आयोजन किया। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की पृष्ठभूमि में यह शाम विचारों के आदान-प्रदान और व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा उभरते क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर तलाशने का एक बेहतरीन मंच साबित हुई।' इस बीच सरकार ने कहा कि भारत का 'विकसित भारत 2047' का विजन और फ्रांस का 'फ्रांस 2030' मिशन भविष्य-केंद्रित नवाचार साझेदारी को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। इससे नई और विघटनकारी तकनीकों में निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। इसी उद्देश्य से भारत और फ्रांस ने इंडिया-फ्रांस इनोवेशन रोडमैप 2030 को अपनाने का फैसला किया है।

यह रोडमैप दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण और उभरती तकनीकों के सह-विकास, भरोसेमंद तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, शिक्षा एवं अनुसंधान क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ाने तथा लोगों, पर्यावरण और साझा समृद्धि के लिए ठोस परिणाम हासिल करने का मार्गदर्शन करेगा।

# भारत का वस्तु निर्यात मई में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 45 .2 अरब डॉलर रहा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**



भारत का वस्तु निर्यात मई में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब डॉलर हो गया है। अप्रैल में यह 43.56 अरब डॉलर था। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए डेटा में दी गई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने मई की वस्तु निर्यात वृद्धि को अब तक दर्ज की गई सबसे अधिक वृद्धि दर में से एक बताया।

अप्रैल 2026 में भी वस्तु निर्यात में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, और यह अप्रैल 2025 में 38.28 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-मई महीने में देश का कुल निर्यात 88.91 अरब डॉलर रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 16.09 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है।

अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अप्रैल और मई दोनों महीनों में निर्यात में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की है, जबकि इसी दौरान आयात में भी तेज बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने मीडिया से कहा, 'अगर हम इसी रफ्तार को बनाए रखते हैं, तो वित्त वर्ष 27 व्यापार के लिहाज से एक अच्छा साल होगा।'

मई में आयात 20.62 प्रतिशत बढ़कर 73.41 अरब डॉलर हो गया। इसके चलते व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर रहा है। वहीं, मई 2025 में व्यापार घाटा 22.56 अरब डॉलर था, जो कि सालाना आधार पर 25.04 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है।

बीते महीने व्यापार घाटे में बढ़ोतरी की वजह पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल का दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना है।

अग्रवाल ने यह भी कहा कि मिडिल ईस्ट को होने वाले निर्यात, जिन पर पहले असर पड़ा था, उनमें मई में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि वेस्ट एशिया को होने वाला निर्यात लगभग मई 2025 के स्तर पर पहुंच गया है, और इसमें यूएई, सऊदी अरब, जॉर्डन और यमन को भेजे गए सामान की वजह से बढ़ोतरी हुई है।

वाणिज्य सचिव ने आगे कहा कि अगर हाल ही में घोषित यूएस-ईरान शांति समझौता 'लंबे समय तक टिकता है,' तो 'हमारी कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा।' अग्रवाल ने कहा कि पिछले 12 सालों में भारत का निर्यात आधार बढ़ा है और इस दौरान निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में सर्विस निर्यात में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है और सरकार को उम्मीद है कि जैसे-जैसे और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू होंगे, यह तेजी बनी रहेगी।

# अमेरिका-ईरान समझौते से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट

## ब्रेंट क्रूड करीब 5 प्रतिशत टूटा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**



अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की घोषणा के बाद सोमवार को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में करीब 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा आने की आशंकाएं काफी हद तक कम हो गई हैं।

अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड शुरूआती कारोबार में 4.90 प्रतिशत तक गिरकर 83.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 5.74 प्रतिशत टूटकर करीब 80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की दिशा में हुई प्रगति से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है, जिसके चलते सप्ताह की शुरूआत में एशियाई शेयर बाजारों में जोरदार तेजी देखने को मिली। वहीं अमेरिकी फ्यूचर्स भी मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आए। विशेषज्ञों ने कहा, 'इस बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल 4 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया है, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुई हैं और बाजार की धारणा को अतिरिक्त समर्थन मिला है।'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि ईरान के साथ समझौता पूरा हो चुका है। उन्होंने लिखा, 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो चुका है।'

इसके साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की भी घोषणा की। यह एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके जरिए दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से के कच्चे तेल की आपूर्ति होती है।

ट्रंप ने लिखा, 'मैं होर्मुज जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के पूरी तरह खोलने और साथ ही अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने की अनुमति देता हूं। दुनिया के जहाज अपने इंजन चालू करें। तेल को बहने दें!'

# मैकलारेन अपनी गाड़ियों की कीमतों में भारी कटौती की तैयारी में

» **नईदिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**




ब्रिटेन की मशहूर सुपरकार निमार्ता कंपनी मैकलारेन अपनी गाड़ियों की कीमतों में भारी कटौती करने की तैयारी में है। इस सुपर कार के कुछ मॉडल दो से तीन करोड़ रुपये तक सस्ते हो सकते हैं। यह कदम भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का सीधा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने वाला पहला बड़ा उदाहरण बन सकता है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, मैकलारेन अपनी भारतीय मॉडलों की कीमतों में लगभग 38 प्रतिशत तक की कमी कर सकती है, जो भारतीय सुपरकार बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी मूल्य कटौतियों में से एक होगी। वर्तमान में, मैकलारेन 750एस कूपे की कीमत लगभग 7.94 करोड़ रुपये है, जो संभावित कटौती के बाद 4.94 करोड़ रुपये तक आ सकती है। इसी तरह, 750एस स्पाइडर और जीटीएस ग्रैंड टूरर जैसे मॉडलों की कीमतों में भी अनुमानित रूप से 2.3 करोड़ से 3.3 करोड़ रुपये तक की कमी देखने को मिल सकती है। इस संभावित मूल्य कटौती का मुख्य कारण भारत-ब्रिटेन एफटीए है, जिसके तहत उच्च क्षमता वाले ब्रिटिश वाहनों पर लगने वाले आयात शुल्क में चरणबद्ध कमी का प्रस्ताव है।

नई व्यवस्था में 3000 सीसी से अधिक के पेट्रोल इंजन और 2500 सीसी से अधिक के डीजल इंजन वाले वाहनों पर आयात शुल्क को पहले वर्ष में 110 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत किया जा सकता है, जो पांच वर्षों में 10 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। मैकलारेन के 750एस और जीटीएस मॉडल 4.0 लीटर ट्विन टर्बो वी-8 इंजन के साथ इस नई कर श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। हालांकि, कंपनी की आटुर्रा सुपरकार, जो एक हाइब्रिड वाहन है, को फिलहाल इस शुल्क राहत का लाभ नहीं मिलेगा। जगुआर लैंड रोवर ने भी पहले कीमतों में कटौती की थी, लेकिन मैकलारेन की यह 38 प्रतिशत की संभावित कटौती कहीं अधिक बड़ी है।

# रुपया 58 पैसे चढ़कर 94.60 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 15 जून ।** रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 58 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.60 पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरूआत और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में बढ़कर 94.60 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो इसके पिछले बंद भाव से 58 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य प्रदेश के 4 उत्पादों को जीआई टैग

**भोपाल, यूटर्न/ 15 जून ।** मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक शिल्पकला को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हाल ही में राज्य के चार विशिष्ट उत्पादों को नाबार्ड के सहयोग से भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हुआ है, जिससे स्थानीय शिल्पकारों और उनकी अनूठी कला को नई पहचान मिली है। यह सफलता राज्य की पारंपरिक कलाओं और शिल्प को संरक्षित करने तथा बढ़ावा देने के प्रयासों का परिणाम है। जिन उत्पादों को जीआई टैग मिला है, उनमें छतरपुर का खजुराहो मेटल क्राफ्ट, धार की मालवा पेंटिंग, राजगढ़ की सारंगपुर हैंडलूम साड़ी एवं फैब्रिक्स और भोपाल का भोपाली बटुआ एवं जरी क्राफ्ट शामिल हैं। यह मान्यता इन उत्पादों के विशिष्ट पारंपरिक कौशल, स्थानीय पहचान और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाती है। नाबार्ड ने इस पूरी प्रक्रिया में वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और शिल्पकार समूहों के बीच समन्वय स्थापित कर अहम भूमिका निभाई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन पारंपरिक उत्पादों की विशिष्ट पहचान को संरक्षित करना और उन्हें बाजार में उचित स्थान दिलाना है, जिससे संबंधित शिल्पकारों की आजीविका में सुधार होगा।

### एनएलसी इंडिया फ्लाई ऐश से निकालेगी दुर्लभ खनिज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।** सरकारी कंपनी एनएलसी इंडिया अगले दो महीनों में फ्लाई ऐश से दुर्लभ खनिज तत्व निकालने के लिए देश की पहली परियोजना आवंटित करने जा रही है। यह परियोजना तमिलनाडु के नेयवेली स्थित एनएलसी के लिग्नाइट आधारित बिजली संयंत्रों की फ्लाई ऐश का उपयोग करेगी। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के सहयोग से विकसित यह पहल, भारत की स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए दुर्लभ खनिजों पर आयात निर्भरता घटाने में महत्वपूर्ण होगी। एनएलसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परीक्षण परियोजना निविदा चरण में है और दो महीने में आवंटित होने की उम्मीद है। यह बार्क के साथ मिलकर फ्लाई ऐश में मौजूद दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (आरईई) को निकालने की आधुनिक तकनीक प्रदर्शित करेगी। एनएलसी के अनुसार, नेयवेली की फ्लाई ऐश में आरईई की उच्च मात्रा है, जिसमें ल्यूटीशियम (परमाणु चिकित्सा में उपयोगी) जैसे कीमती तत्व शामिल हैं। परीक्षण चरण के लिए अनुमानित लागत लगभग 600 करोड़ रुपये है; सफल होने पर वाणिज्यिक स्तर पर 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश अनुमानित है।

# सतत विकास के लिए सुधार और नवाचार जरूरी : सीतारमण

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।**



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन देश की विकास गाथा को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दीर्घकालिक विकास की गति बनाए रखने के लिए लगातार नवाचार, सुधार और संस्थागत मजबूती आवश्यक है।

माइंडमाइन समिट 2026 में बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है, टिकाऊ और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए मजबूत संस्थानों, प्रभावी नीतियों और मजबूत सहयोगी व्यवस्थाओं की भी जरूरत होती है।

उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि हमारा देश आर्थिक रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन हमें लगातार अपने प्रदर्शन का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए और उन क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए जहां और सुधार की आवश्यकता है।' सीतारमण ने कहा कि इतनी बड़ी और जटिल अर्थव्यवस्था में विकास को बनाए रखने के लिए क्षमताओं को मजबूत करना, कार्यकुशलता बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

उनके अनुसार, वैश्विक आर्थिक माहौल लगातार बदल रहा है, इसलिए भारत की नीतियां भी मजबूत और परिस्थितियों के अनुसार ढलने वाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि प्रगति अपने आप होती रहेगी। विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास, नवाचार और सुधार जरूरी हैं।' वित्त मंत्री ने कहा कि जहां कई क्षेत्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं कुछ सेक्टर अब भी ऐसे हैं जिन्हें विशेष नीति समर्थन की आवश्यकता है, खासकर वे क्षेत्र जो जटिल और मध्यवर्ती उत्पादों तथा सेवाओं से जुड़े हैं।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### डेटिंग एप के जरिये लड़की से मिलने पहुंचे युवक को बंधक बनाकर 13 हजार लूटे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।** डेटिंग एप के जरिए राजनगर डिस्ट्रिक सेंटर के कैफे में लड़की से मिलने आए युवक को बंधक बनाकर रुपये छीनने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कैफे के कर्मचारियों ने विरोध करने पर जमकर पिटाई की और 10 हजार रुपये निकाल लिए। तीन हजार ऑनलाइन ट्रांसफर करने पर जाने दिया। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में दो लड़कियों समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना कविनगर थाना क्षेत्र के आरडीसी स्थित ईगल कैफे की है। लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र के दयाल रेजीडेंसी निवासी राघवेंद्र शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वह हापुड़ रोड के रिछपाल पुरी स्थित शिशु बिल्डमास्टर्स में कार्यरत हैं। एक लड़की से डेटिंग एप टिंडर पर बातचीत हुई और गौर माल में मिलने को बुलाया। मॉल आने पर परिवार के लोग होने का बहाना देकर सामने एक कैफे में चलने के लिए कहने लगी। यहां पर इनकी पहले से योजना बनाए बैठे लड़के सैंपन, हुक्का व खाने पीने का सामान लेने लगे। मना करने पर दीपिका रावत व उसकी सहेली सिमरन ने उसे कैफे से जाने को कह दिया। वह ईगल कैफे से निकलने जा रहा था कि कैफे के ही तीन कर्मचारियों ने रास्ता रोक लिया। इसके बाद तीनों युवक को पकड़कर पीछे की ओर कैफे में ले गए। तीनों ने तलाशी लेकर जबरन जेब में रखे 10 हजार रुपये निकाल लिए।

### बेटे की मौत के बाद इलाज के अतिरिक्त रुपये मांगे, चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।** कांशीराम कॉलोनी निवासी महिला ने चिकित्सक पर बेटे की मौत के बाद अतिरिक्त रुपये मांगने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी शिकायत में शशिबाला चौधरी ने बताया कि उनके बेटे सोनू चौधरी का निधन 22 मई को हो गया था। इसके बाद से परिवार शोक में डूबा हुआ था। आरोप है कि इलाज करने वाला चिकित्सक बेटे के इलाज के पैसे मांगने लगा। शशिबाला का कहना है कि इलाज के लिए पांच हजार रुपये पहले ही दे दिए थे। अतिरिक्त रकम देने से मना करने पर चिकित्सक फोन पर गाली गलौज करने लगा। कुछ समय बाद चिकित्सक दुकान पर आकर रुपये मांगने लगा। मना करने पर चिकित्सक ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में मधुबन बापूधाम पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दादा-दादी के संस्कारों की मिसाल: पावन सोमवती अमावस्या पर पौत्रों ने कराया विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 15 जून । अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) की पावन सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के पवित्र ब्रह्मसरोवर पर सेवा, श्रद्धा और सनातन संस्कृति की सुंदर मिसाल देखने को मिली।

श्री ओम प्रकाश जी एवं श्रीमती अंगूरी देवी जी के सान्निध्य, आशीर्वाद एवं अध्यक्षता में उनके पौत्र श्री जतिन गुप्ता, श्री अंकित जिंदल एवं श्री रवि सैनी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

आयोजकों ने बताया कि उन्हें अपने दादा श्री ओम प्रकाश जी एवं दादी श्रीमती अंगूरी देवी जी से बचपन से ही धर्म, सेवा, संस्कार, विनम्रता, परोपकार और समाज के प्रति




उत्तरदायित्व की प्रेरणा मिली है। उन्हीं के आदर्शों, शिक्षाओं और आशीर्वाद से प्रेरित होकर वे समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यों का आयोजन करते हैं। उनका मानना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी ईश्वर सेवा है और यही परिवार की परंपरा एवं संस्कार हैं।

सोमवती अमावस्या के अवसर पर प्रातःकाल से ही ब्रह्मसरोवर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान, पूजा-अर्चना एवं दान-पुण्य के उपरांत भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के बैठने, स्वच्छता, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश जी एवं श्रीमती अंगूरी देवी जी ने अपने पौत्रों जतिन गुप्ता, अंकित जिंदल एवं रवि सैनी को स्नेहपूर्ण आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में सदैव धर्म, सेवा, सत्य और मानवता के मार्ग पर चलते रहें। उन्होंने कहा कि समाज की निस्वार्थ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। उन्होंने अपने पौत्रों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, निरंतर प्रगति और समाजहित में ऐसे ही सेवा कार्य करते रहने की मंगलकामना की। श्रद्धालुओं ने भी आयोजकों की सेवा भावना, अनुशासित व्यवस्थाओं और पारिवारिक संस्कारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जब युवा पीढ़ी अपने बड़ों के आदर्शों पर चलकर समाजसेवा को अपना कर्तव्य बनाती है, तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है।

# दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी पर उठे सवाल

## 2028 से पेट्रोल दोपहिया पर रोक के प्रस्ताव से छिड़ी बहस



### हाइब्रिड वाहनों पर छूट को लेकर चिंता

ड्राफ्ट पॉलिसी में स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारों को रोड टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट देने का प्रस्ताव है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे उपभोक्ता पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहनों की बजाय हाइब्रिड वाहनों की ओर आकर्षित हो सकते हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश की ईवी नीति में भी इसी तरह की रियायतों के बाद हाइब्रिड वाहनों की मांग बढ़ी थी। ऐसे में दिल्ली का पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य प्रभावित हो सकता है।

### खरीद लागत बनी चुनौती

विशेषज्ञों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन खर्च कम है, लेकिन शुरूआती खरीद लागत अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। विशेषकर ऑटो चालकों और गिग डिलीवरी कर्मियों के लिए, जिनकी आजीविका दोपहिया और तिपहिया वाहनों पर निर्भर है। ड्राफ्ट में इनके लिए आसान ऋण, ब्याज सब्सिडी या क्रेडिट गारंटी जैसी किसी विशेष वित्तीय सहायता का उल्लेख नहीं है।

» दिल्ली, यूटर्न/ 15 जून ।

राजधानी में परिवहन व्यवस्था को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ले जाने के लिए दिल्ली सरकार की प्रस्तावित ईवी पॉलिसी 2026-30 व्यापक चर्चा के केंद्र में है। ड्राफ्ट पॉलिसी में वर्ष 2028 से नए पेट्रोल चालित दोपहिया वाहनों के पंजीकरण पर रोक और 2027 से नए सीएनजी ऑटो के स्थान पर केवल ई-ऑटो के पंजीकरण का प्रस्ताव रखा गया है। सरकार इसे प्रदूषण कम करने की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, लेकिन विशेषज्ञों ने इसके क्रियान्वयन को लेकर कई अहम सवाल उठाए हैं। दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित महानगरों में शामिल है। वाहनों से होने वाला उत्सर्जन वायु प्रदूषण की प्रमुख वजहों में गिना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी आधारित वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। सरकार का दावा है कि इससे कार्बन उत्सर्जन घटेगा, ईंधन पर निर्भरता कम होगी और लंबे समय में उपभोक्ताओं का खर्च भी घटेगा। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि राजधानी में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अभी उस स्तर पर नहीं है, जहां लाखों नए ईवी वाहनों का दबाव आसानी से संभाला जा सके। दिल्ली की बड़ी आबादी बहुमंजिला इमारतों, सोसायटियों और किराये के मकानों में रहती है, जहां निजी चार्जिंग सुविधाएं विकसित करना आसान नहीं है। ऐसे में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी, लेकिन नीति में इनके विस्तार की स्पष्ट समयसीमा और लक्ष्य तय नहीं किए गए हैं।

### सरकार ने एक माह तक सुझाव आमंत्रित किए थे

दिल्ली सरकार ने 11 अप्रैल को ड्राफ्ट पॉलिसी जारी कर एक महीने तक सुझाव आमंत्रित किए थे। इस दौरान करीब 700 सुझाव प्राप्त हुए। सरकारी सूत्रों के अनुसार प्राप्त सुझावों के आधार पर कुछ प्रावधानों में संशोधन की संभावना है।

पेट्रोल दोपहिया वाहनों के पंजीकरण पर प्रस्तावित समयसीमा और हाइब्रिड वाहनों को मिलने वाली कर छूट पर पुनर्विचार किया जा रहा है। करीब 3,954 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट वाली यह नीति वर्ष 2030 तक लागू रहेगी और जुलाई के अंत तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है।

### बाइक की टक्कर से बच्चा घायल, प्राथमिकी दर्ज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।** तिगांव थाना क्षेत्र के गांव कौराली में स्कूल बस का इंतजार कर रहे सात वर्षीय बच्चे को बाइक ने 22 मई को टक्कर मार दी। घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके पैर में फ्रैक्चर होने के कारण ऑपरेशन कर रॉड डालनी पड़ी। पुलिस ने शनिवार को शिकायत के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कौराली निवासी जितेंद्र भाटी ने बताया कि 22 मई की सुबह उनका बेटा जिवांश घर के बाहर स्कूल बस में चढ़ने के लिए खड़ा था। इसी दौरान बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। हादसे में जिवांश के पैर में गंभीर फ्रैक्चर और अंदरूनी चोटें आई। उसका इलाज बल्लभगढ़ के निजी अस्पताल में कराया गया, जहां डॉक्टरों को उसके पैर में रॉड डालनी पड़ी।

### गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर उड़ाए पौने सात लाख

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।** गैस कनेक्शन कटने का भय भरा मैसेज फोन पर भेजकर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग के खाते से छह लाख से अधिक की धनराशि खाते से उड़ा दी। ठगों के मैसेज का जवाब दिया तो व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजी। इसके बाद फोन हैक हो गया। एडीसीपी साइबर क्राइम ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ठगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वसुंधरा निवासी हरिशचंद्र सक्सेना ने साइबर थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके फोन पर आईजीएल गैस कनेक्शन अपडेट कराने का मैसेज आया था।

# पोलियो वायरस अलर्ट: 12,642 बच्चों की जांच में 284 टीकाकरण से छूटे मिले

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।

डूंडाहेड़ा सीवेज पंपिंग स्टेशन के पानी में वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो वायरस (वीडीपीवी) मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। जिले के 12 क्षेत्रों में पांच वर्ष तक के बच्चों का विशेष सर्वे पूरा कर लिया गया है। इसमें विजयनगर-दो क्षेत्र में एक एक्यूट फ्लैसिड पैरालिसिस (एएफपी) केस सामने आया है, जिसकी निगरानी की जा रही है।

नौ से 14 जून तक चले इस अभियान में 107 टीमों ने 12,642 बच्चों की जांच की। इनमें 284 बच्चे पिछली पोलियो राउंड में टीकाकरण से वंचित पाए गए, जबकि 359 बच्चों ने पिछले दो पूरक टीकाकरण अभियान (एसआईए) राउंड में ओपीवी की कम से कम एक खुराक नहीं ली थी। सर्वे के अनुसार, 144 बच्चों को दोनों हालिया



राउंड में एक भी डोज नहीं मिली, जबकि 11,523 बच्चों का पूरा टीकाकरण पाया गया।

सबसे अधिक टीकाकरण से वंचित बच्चे खैरातीनगर, विजयनगर, पंचवटी कॉलोनी और कैला भट्ठा क्षेत्र में मिले। इसी दौरान 21 घरों में खसरे के मरीजों की पुष्टि हुई, जबकि एक घर में डिप्थीरिया का पुराना मामला भी सामने आया, जिस पर विभाग ने निगरानी शुरू कर दी है।

जिला सर्विलांस अधिकारी के अनुसार, पांच जून को राज्य सर्विलांस यूनिट से सूचना मिली थी कि विजयनगर सीवेज पंपिंग स्टेशन के पानी के सैंपल में वीडीपीवी की पुष्टि हुई है। इसके बाद एसडीसी, राज्य सर्विलांस यूनिट और जिला स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त माइक्रोप्लान बनाकर सर्वे शुरू किया।

अभियान के तहत राजनगर, शास्त्रीनगर, बीएलएस इंडस्ट्रियल एरिया, दौलतपुर, पंचवटी कॉलोनी, चूकना, हिंडन विहार, कैला भट्ठा, मिजार्पुर, विजयनगर-1, विजयनगर-2 और खैराती नगर में टीमें लगाई गई। कुल 1.51 लाख आबादी और 30,384 घरों को कवर किया गया। 13 जून तक छह क्षेत्रों में और 14 जून को विजयनगर प्रथम, द्वितीय और खैराती नगर में सर्वे पूरा हुआ।

15 जून को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में 12 चिकित्सा इकाइयों के अधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें आगे की टीकाकरण रणनीति तय की जाएगी।

### डॉ भीमराव अम्बेडकर लाईब्रेरी का नाम बदलकर अटल पुस्तकालय करना एससी समाज की भावना को आहत करना हैं: रामेश्वर पहलवान

**पानीपत, यूटर्न/ 15 जून ।** हरियाणा प्रदेश में प्रत्येक जिले में अनेक जगह बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के नाम से लाईब्रेरी खुली हुई है। जहां एससी समाज के बच्चें बैठकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात पढ़ाई करते हैं। अब यह बीजेपी सरकार इन लाइब्रेरियों का नाम डा. भीमराव अंबेडकर लाईब्रेरी की जगह अटल पुस्तकालय करना चाहती है जो कि सरासर नियम व कानून के खिलाफ है। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर



भारत रत्न संविधान निर्माता और करोड़ों वंचित शोषित समाज के प्रेरणास्रोत हैं। उनके नाम से चल रहे पुस्तकालय का नाम बदलना न केवल हरियाणा के बहुजन समाज की भावना को आहत करता है, बल्कि सामाजिक न्याय के प्रतीकों को कमजोर करने का प्रयास प्रतीत होता है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान ने कहा कि जिला जींद में भाजपा सरकार द्वारा इस तरह का प्रयास किया गया है जोकि निंदनीय है। यदि एक जिले में स्थापित पुस्तकालय का नाम बदलने का प्रयास किया गया है तो आने वाले समय अन्य जिलों में भी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर व अन्य महापुरुषो के नाम से चल रहे संस्थान के नाम बदलने का प्रयास किया जाएगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## आमिर खान को 'परफेक्शनिस्ट' नहीं मानते विक्रम भट्ट, कहा-'मैं इससे पूरी तरह सहमत नहीं'

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आमिर खान को 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहा जाता है। इसके पीछे की वजह यह है कि वह अपने हर प्रोजेक्ट पर बारीकी से काम करते हैं। हालांकि, फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट की राय इस पर थोड़ी अलग है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वह आमिर खान को परफेक्शनिस्ट नहीं मानते बल्कि ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं, जो हमेशा अपने काम को और बेहतर बनाने की कोशिश करते रहते हैं। आईएएनएस से बात करते हुए विक्रम भट्ट ने कहा, ''लोगों ने आमिर खान को परफेक्शनिस्ट का टैग दे दिया है लेकिन मैं इस टैग से पूरी तरह सहमत नहीं हूं। परफेक्शनिस्ट वह होता है, जो मान ले कि उसने सबसे बेहतरीन काम कर लिया है और अब उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता लेकिन आमिर खान ऐसे नहीं हैं। वह हमेशा यह सोचते हैं कि वह और बेहतर कर सकते हैं। यही सोच उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाती है। आमिर कभी भी अपने काम से जल्दी संतुष्ट नहीं होते और लगातार सुधार करते रहते हैं।



## स्वस्थ, मजबूत और लचीला बने रहना हमारे अपने हाथ में: पूनम ढिल्लों

हाल ही में, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया जिसमें लोकप्रिय अभिनेत्री पूनम ढिल्लों योग के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को साझा करती नजर आईं। आयुष मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, उम्र बढ़ना जीवन की एक स्वाभाविक और सुंदर सच्चाई है, लेकिन स्वस्थ, मजबूत और लचीला बने रहना हमारे अपने हाथ में है। यह संदेश इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग के मूल उद्देश्य को दर्शाता है। इस थीम का मुख्य लक्ष्य लोगों को यह समझाना है कि नियमित योग अभ्यास बढ़ती उम्र में भी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को उत्कृष्ट बनाए रखने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पूनम ढिल्लों ने अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उम्र बढ़ना जीवन का एक अटल सत्य है, और हर व्यक्ति चाहता है कि बढ़ती उम्र के साथ वह न केवल शारीरिक रूप से अच्छा दिखे, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊजार्वान और सक्रिय बना रहे।

# वैश्विक संकट के बीच हेली शाह की सलाह

## बचत और सही निवेश से ही मिलेगी आर्थिक सुरक्षा




हाल ही में रिलीज हुए ओटीटी शो 'गुल्लक' के पांचवें सीजन में बेहतरीन काम के लिए सुर्खियां बटोर रहीं अभिनेत्री हेली शाह ने वैश्विक टकरावों के बीच पैसे बचाने के महत्व पर अपनी राय साझा की है। इन घटनाओं का असर वैश्विक तेल व्यापार पर भी पड़ा है। अभिनेत्री ने आईएएनएस से बातचीत में प्रधानमंत्री की अपील के अनुरूप लोगों को सोना न खरीदने की भी सलाह दी। उन्होंने आईएएनएस से कहा, ''गुल्लक' के साथ हमारा रिश्ता बचपन से जुड़ा है। इसका हमारे जीवन में बहुत भावनात्मक महत्व है। पैसे की बचत बहुत जरूरी है, और इसके लिए सही जानकारी होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सही जगहों पर निवेश करना चाहिए, जैसे म्यूचुअल फंड और सोने में निवेश से बचना चाहिए। मेरे पिता ने मुझे पैसे बचाने का महत्व सिखाया है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे पापा ने मुझे कभी बैठकर यह नहीं सिखाया, बल्कि मैंने उन्हें देखकर ही ये आदतें सीख लीं। कितना पैसा एफडी में लगाना है और कितना म्यूचुअल फंड में, यह सब समझ मैंने खुद विकसित की, इसलिए जरूरी है कि आप अपने खर्च को समझदारी से संभालें और पैसे बचाने में सूझबूझ दिखाएं, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है।'
बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने टेलीविजन से ओटीटी में अपने बदलाव और इस सफर को कैसे संभाला, इस पर भी चर्चा की। उनका मानना है कि टेलीविजन से दूसरे माध्यमों में जाने वाले कलाकारों के लिए अक्सर सबसे बड़ी चुनौती लोगों की बनी-बनाई धारणाओं से बाहर निकलना होता है। टेलीविजन के जरिए मजबूत फैन फॉलोइंग बनाने वाली हेली शाह ने माना कि नए फॉर्मेट में काम करने के बावजूद कई कलाकारों को अब भी 'टीवी एक्ट्रेस' के टैग से देखा जाता है। हालांकि, उनका मानना है कि सही मौके और लगातार अच्छे प्रदर्शन से लोगों की सोच धीरे-धीरे बदली जा सकती है। उन्होंने आईएएनएस से कहा, 'मेरी पहली चुनौती उस कैटेगरी से बाहर निकलना थी और ऐसे क्षेत्र में जाना था जो मेरे लिए आरामदायक नहीं था, जिसके बारे में मुझे जानकारी नहीं थी और जहां लोग मुझे नहीं जानते थे। और ओटीटी मेरे लिए वही जगह बनकर सामने आई।'



# फीफा विश्वकप में बेहतर शुरूआत से ही मिलेगी सफलता : रोनाल्डो

**'स्टन, यूटर्न/ 15 जून ।** पुर्तगाल के कप्तान और स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी टीम से कहा है कि उसे फीफा विश्वकप खिताब जीतने की चिन्ता छोड़कर बेहतर शुरूआत पर ध्यान देना चाहिये। रोनाल्डो के अनुसार बेहतर शुरूआत होने से ही टीम को खिताबी जीत मिलने की संभावना रहेगी। पुर्तगाल की टीम विश्वकप में अपने अभियान की शुरूआत 17 जून को कांगो के खिलाफ मैच से करेगी है। उन्होंने खिलाड़ियों से खिताब जीतने के शुरूआती दबाव को भूलकर टूनामेंट में एक मजबूत और सकारात्मक शुरूआत पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। रोनाल्डो ने स्पष्ट किया कि बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ने से पहले, हर मैच को एक-एक करके खेलना और धीरे-धीरे अपनी रणनीति को अमल में लाने पर ही विश्व कप जैसे कठिन मुकाबले में सफलता मिल सकती है एक प्रकार से देखा जाये तो ये जीत की कुंजी होगी। पुर्तगाल अपना पहला ग्रुप मैच  गौतरलब हैकि  48 शीर्ष टीमों के इस विशाल टूनार्मेंट में रोनाल्डो के कारण ही पुर्तगाल को स्वाभाविक रूप से एक मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। 41 वर्षीय रोनाल्डो, जो इतिहास रचते हुए अपना छठा विश्व कप खेलने जा रहे हैं, इस मामले में अर्जेंटीना के अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी के साथ सर्वाधिक विश्व कप खेलने का रिकॉर्ड साझा करेंगे। अपने अपार अनुभव और असाधारण नेतृत्व क्षमता के साथ, रोनाल्डो अच्छी तरह जानते हैं कि बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किस तरह की मानसिकता की आवश्यकता होती है। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, अच्छी शुरूआत करना, पहले और दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन करना और फिर ग्रुप में पहले स्थान पर रहना जरुरी है।



## रोहित और कोहली के विकल्प पर बात होना स्वाभाविक : स्वान

**लंदन, यूटर्न/ 15 जून ।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान ने कहा है कि भारतीय टीम के दिग्गज क्रिकेटर रोहित शर्मा और विराट कोहली अपने करियर के अंतिम चरण में हैं, इसलिए इनकी जगह किन क्रिकेटरों को जगह मिलेगी। इसपर बात होना स्वाभाविक है। स्वान ने कहा कि जब भी कोई खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे हिस्से में पहुंचता है तो यह स्वाभाविक है कि लोग उसके उत्तराधिकारी की तलाश करने लगते हैं, चाहे उसने कितना भी अच्छा प्रदर्शन क्यों न किया हो। उन्होंने कहा, आप भले ही अपने खेल के शीर्ष पर हों, फिर भी लोग सोचने लगते हैं कि रोहित या विराट के बाद कौन आएगा। यह बहुत सामान्य बात है। जैसे ही प्रदर्शन कमजोर होता है उत्तराधिकारी पर चर्चा तेज हो जाती है। साथ ही कहा कि यह स्थिति तब पैदा होती है जब प्रशंसक और विशेषज्ञ भविष्य की ओर देखने लगते हैं। स्वान के अनुसार, युवा प्रतिभाओं का उभरना इस दबाव को और अधिक बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि लगातार नई प्रतिभाओं के सामने आने से भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर स्वाभाविक रूप से अतिरिक्त दबाव बनता है। यह दबाव अनुभवी खिलाड़ियों को अपनी जगह बनाए रखने के लिए लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है ।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बांग्लादेश में भगवान राम की तस्वीर के अपमान का आरोप, अल्पसंख्यक संगठन ने जताई नाराजगी

» **ढाका, यूटर्न/ 15 जून ।**

बांग्लादेश के गायबंधा जिले के पलाशबाड़ी उपजिला स्थित राधा-गोविंद मंदिर में भगवान राम की तस्वीर के कथित अपमान और मंदिर में स्थापित प्रतिमा को तोड़ने की धमकियों को लेकर विवाद गहरा गया है। देश के प्रमुख अल्पसंख्यक अधिकार संगठन बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। संगठन के अनुसार, एक सांप्रदायिक समूह द्वारा निकाले गए जुलूस के दौरान भगवान राम की तस्वीर का अपमान किया गया। परिषद ने आरोप लगाया,' पिछले कई दिनों से कुछ



कट्टरपंथी तत्व पलाशबाड़ी में भगवान श्रीराम की प्रतिमा को और मंदिर परिसर को नुकसान पहुंचाने की धमकियां दे रहे हैं।' परिषद का कहना है,' इन समूहों द्वारा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ नफरत फैलाने का अभियान भी चलाया जा रहा है।' संगठन ने चेतावनी दी कि ऐसी गतिविधियां किसी भी समय व्यापक सांप्रदायिक हिंसा का रूप ले सकती हैं। परिषद ने कहा, 'लोकतांत्रिक और बहुलतावादी समाज में इस प्रकार की उकसावे वाली और भड़काऊ गतिविधियां पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।' संगठन ने बांग्लादेश सरकार से मांग की कि सांप्रदायिक शक्तियों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि सामाजिक सौहार्द और शांति बनी रहे।

संगठन ने भगवान राम की तस्वीर के अपमान और धार्मिक भावनाएं भड़काने में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी तथा कड़ी सजा की भी मांग की है। साथ ही सभी धर्मनिरपेक्ष नागरिकों, सामाजिक संगठनों और लोकतांत्रिक राजनीतिक दलों से इन गतिविधियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की है।

इस बीच, स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पलाशबाड़ी में प्रस्तावित भगवान राम की विशाल प्रतिमा के निर्माण कार्य को भी प्रशासन ने रोक दिया है। मंदिर के सलाहकार श्यामल कुमार महंत ने हाल ही में इसकी घोषणा की थी। आलोचकों का आरोप है कि यह फैसला इस्लामी कट्टरपंथी समूहों के दबाव में लिया गया। बांग्लादेशी अखबार ब्लिट्ज के संपादक सलाह उद्दीन शोएब चौधरी ने भी इस घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा कि स्थानीय जिहादी और इस्लामवादी संगठनों के विरोध के बाद मंदिर परियोजना की गतिविधियां रोक दी गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान कभी भी परमाणु हथियार प्राप्त नहीं कर पाएगा: वेंस

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 15 जून ।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने कहा है कि अमेरिका-ईरान समझौता यह पक्का करता है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज से कहा, 'इसका मतलब है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होगा। वह न तो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा और न ही उन्हें खरीदने या हासिल करने की कोशिश करेगा। यह बात इस समझौते में शामिल है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका इस बात पर नजर रखेगा कि ईरान समझौते का पालन कर रहा है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके बदले ईरान को क्या मिलेगा। श्री वेंस ने कहा, 'यहां एक ऐसा तरीका अपनाया जा रहा है, जिसमें हम जांच-पड़ताल करते रहेंगे और जब ईरान अपनी ज़िम्मेदारियां पूरी करेगा, तो उसे वास्तविक फायदे भी मिलेंगे।

### ईरान ने कहा- दुश्मन के पास झुकने के अलावा नहीं था कोई रास्ता

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 15 जून ।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक शांति समझौते के बाद मध्य पूर्व के कूटनीतिक गलियारों में बयानों का दौर तेज हो गया है। एक तरफ जहां ईरान की सेना इस पूरी डील को अपनी एक बड़ी रणनीतिक और कूटनीतिक जीत के रूप में देख रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के भीतर इस समझौते को लेकर तीखी राजनीतिक बहस छिड़ गई है। ईरान के खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर ने एक बड़ा बयान जारी कर दावा किया है कि देश की जनता और सशस्त्र बलों के कड़े प्रतिरोध ने यह साबित कर दिया है कि दुश्मन के पास समझौता करने और झुकने के अलावा अब कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा था।



## स्काइडाइविंग विमान क्रैश होने से 12 लोगों की दर्दनाक मौत

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 15 जून ।** अमेरिका के मिसौरी राज्य में रविवार को एक बेहद दर्दनाक विमान हादसा सामने आया है, जहां स्काइडाइविंग के लिए यात्रियों को ले जा रहा एक छोटा विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बटलर मेमोरियल एयरपोर्ट के पास हुए इस भयानक हादसे में विमान में सवार सभी 12 लोगों की मौत हो गई है। यह हवाई अड्डा कैनसस सिटी से लगभग 105 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। अधिकारियों के मुताबिक, जमीन से टकराते ही विमान में इतनी भीषण आग लग गई कि किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला और मौके पर ही सभी यात्रियों ने दम तोड़ दिया। स्थानीय सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11:30 बजे आपातकालीन सेवाओं को विमान दुर्घटना और उसमें लगी भयंकर आग की सूचना मिली थी। राहत और बचाव दल बिना वक्त गंवाए तुरंत मौके पर पहुंचे और जलते हुए मलबे पर काबू पाया। हालांकि, जब तक आग बुझाई जा सकी, तब तक विमान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। सुरक्षा एजेंसियों ने इस दृश्य को बेहद भयावह और दिल दहला देने वाला बताया है। विमान एयरपोर्ट के पास ही एक खुले खेत में गिरा था, जिसके बाद एहतियात के तौर पर आसपास की सड़कों को पूरी तरह बंद कर दिया गया।

## पीओके में प्रदर्शन से हिली पाक सरकार, सेना घरों में घुस कर लोगों को जबरन उठा रही

**कराची, यूटर्न/ 15 जून ।** पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर ने छिपे हुए ठिकाने से एक ऑडियो मैसेज जारी किया है। इसमें उन्होंने पाकिस्तान की सेना और सुरक्षा एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मीर का दावा है कि आंदोलन को कुचलने के लिए पूरे इलाके में दमन का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। शौकत नवाज मीर ने स्थानीय लोगों, विदेशों में रह रहे कश्मीरी समुदाय और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं से मदद की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान का सुरक्षा ढांचा और सैन्य प्रतिष्ठान आंदोलन को खत्म करने के लिए 'संरचनात्मक आतंक' और व्यापक हिंसा का सहारा ले रहा है। मीर के मुताबिक सुरक्षा एजेंसियां जेएएसी की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ उन परिवारों को भी निशाना बना रही हैं, जिन्होंने आंदोलन को आर्थिक या सार्वजनिक समर्थन दिया है।



# यूएस-ईरान के बीच जिनेवा में 19 जून को होगा शांति समझौता: शहबाज शरीफ

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को संसद में ऐलान किया कि अमेरिका और ईरान के बीच हुए एक कथित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर समारोह 19 जून को जिनेवा में होंगे, और इसका मेजबान पाकिस्तान होगा।

नेशनल असेंबली में संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, 'समझौता तीन महीने से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने दावा किया कि इस समझौते के तहत अमेरिका और ईरान ने युद्ध समाप्त करने, ईरान पर लगी नाकाबंदी को रोकने और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने पर सहमति जताई है।'

प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, शरीफ ने कहा कि यह संघर्ष फरवरी के अंत में शुरू हुआ था, जिसमें अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए थे। उन्होंने कहा कि पूरे संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने शांति बहाली के लिए सक्रिय भूमिका निभाई और अप्रैल में इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच प्रारंभिक वार्ता भी करवाई।



प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता से पहले संघर्षविराम संभव हुआ, जो अब भी लागू है, हालांकि संवेदनशील स्थिति में बना हुआ है। अपनी पीठ थपथपाते हुए उन्होंने इसे 'ऐतिहासिक उपलब्धि' करार दिया।

नेशनल असेंबली में अपने संबोधन में शरीफ ने कहा कि यह केवल दो देशों के बीच समझौता नहीं, बल्कि शांति और संवाद की जीत है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान कई बार स्थिति टूटने के कगार पर पहुंच गई थी, लेकिन पाकिस्तान और अन्य मध्यस्थ देशों के प्रयासों से प्रक्रिया जारी रही।

वहीं, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और अन्य नेताओं ने भी प्रधानमंत्री के प्रयासों और सैन्य नेतृत्व की भूमिका को सराहा। वहीं विपक्षी नेता सैयद लतीफ खोसा ने प्रक्रिया के अंतिम रूप लेने तक सावधानी बरतने की बात कही।

रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझौते पर पहुंचने की बात ट्रुथ सोशल पर जाहिर की। उन्होंने होर्मुज को खोले जाने और अमेरिकी नाकेबंदी हटाने की भी बात कही। वहीं ईरान ने भी प्रस्तावित एमओयू पर बयान जारी किया। इस बीच, इजरायल ने शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि, उनकी सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सिक्योरिटी जोन में इजरायली सेना अनिश्चितकाल तक तैनात रहेगी।

# पीओके के आंदोलन से घबराई पाक सरकार, हाथ जोड़ते दिखे बिलावल

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 15 जून ।**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ रही हैं और वहां के हालात दिनों-दिन बदतर होते जा रहे हैं। एक तरफ जहां पाकिस्तानी सरकार और सेना मिलकर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों का बर्बरता से दमन करने और उनकी आवाज दबाने में जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ वहां के राजनेता इस गंभीर संकट पर केवल घड़ियाली आंसू बहाकर जनता की सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। डर के बीच, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को प्रदर्शनकारियों से इस जनांदोलन को तुरंत रोकने की भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि इस घरेलू अशांति का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद नकारात्मक असर पड़ रहा है।

बता दें कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीओके में भड़की इस जन-आक्रोश की आग को दबाने के लिए पाकिस्तानी अर्द्धसैनिक बलों द्वारा



की गई हिंसक कार्रवाई में अब तक 100 से अधिक स्थानीय नागरिकों की जान जा चुकी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय दबाव से बचने के लिए पाकिस्तानी प्रशासन द्वारा आधिकारिक आंकड़े बेहद कम जारी किए जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र में इस समय अघोषित कर्फ्यू जैसी स्थिति बनी हुई है और आम लोगों के घरों से बाहर निकलने पर भी सख्त पाबंदियां लागू हैं। पीओके में पाकिस्तानी हुकूमत की इस हैवानियत की गूंज अब पूरी दुनिया में सुनाई देने लगी है, जिससे पाकिस्तानी राजनेताओं के मन में गहरा खौफ समा गया है।

# ईरान के साथ होने वाले शांति समझौते में आ सकती है बाधा: डोनाल्ड ट्रंप

## बेरूत पर इजरायली हमले से नाराज हुए राष्ट्रपति

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 15 जून ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह लेबनान की राजधानी बेरूत पर हुए इजरायली हवाई हमले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक आधिकारिक बयान जारी कर इस सैन्य कार्रवाई को पूरी तरह से गैर-जरूरी बताया और चेतावनी दी कि यह कदम ईरान के साथ होने वाले ऐतिहासिक शांति समझौते में बड़ी बाधा बन सकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बेरूत पर हुआ यह हमला बिल्कुल नहीं होना चाहिए था, विशेष रूप से एक ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर जब सभी पक्ष ईरान के साथ शांति समझौते के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। हालांकि उन्होंने इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया, लेकिन साथ ही इस हमले की टाइमिंग और इसके पीछे की वजहों पर गंभीर सवाल भी खड़े किए। इजरायल द्वारा दिए गए



इस सैन्य जवाब पर टिप्पणी करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इजरायल को बाहरी खतरों के खिलाफ अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का पूरा हक है, लेकिन हिजबुल्लाह द्वारा जिस हमले का वह जवाब दे रहा था, वह बहुत छोटा और महत्वहीन था। उस हमले में न तो किसी तरह का बड़ा नुकसान हुआ था और न ही कोई व्यक्ति घायल या मारा गया था। ऐसे में इतने छोटे कारण के लिए इतनी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शांति प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करना कतई उचित नहीं है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307,
Printed by: मुद्रक हेमंत इंटरप्राइजेज 4B कमल पार्क, अमन नगर, जालंधर, पंजाब 144008 से मुद्रित Editor: Sandeep Sharma Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *